Title: Regarding "Lathi Rally" in Patna, Bihar organised by the State Government leading to law and order problems in the state.

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष महोदय, इस देश का एक प्रांत बिहार है जहां कानून की धज्जियां उड़ी हुई हैं। वहां 30 अप्रैल को राजद द्वारा लाठी रैली निकाली गयी थी। उसके एक दिन पहले संध्या से ही हत्या का दौर शुरू हो गया। 30 अप्रैल को एक सुनियोजित तरीके से भारतीय जनता पार्टी के नेता श्री सत्य नारायण सिन्हा की हत्या कर दी गयी। आज पूरे बिहार में अराजकता की स्थिति पैदा हुई है। वहां तनाव का वातावरण बना हुआ है। सरकार बिहार के मामले में चुप्पी साधे रहती है।

मै कहना चाहता हूं कि आखिर संविधान की धारा 356 बनाई गयी है, वह किस परिस्थिति में उपयोग में लाने के लिये बनायी गयी है ? आज बिहार में वे सारी परिस्थितियां उत्पन्न हो गयी हैं जिनके तहत केन्द्र सरकार धारा 356 का उपयोग करके वहां राट्रपति शासन लागू कर सकती है। उसी तरह जो आतंकवाद का कानून बनाया गया है कि जिस व्यक्ति के चलते या जिसके एक्शन से कहीं आतंकवाद की स्थिति पैदा होती हो तो उस पर पोटा कानून लगाया जाये। चूंकि बिहार सरकार पर पोटा कानून नही लग सकता लेकिन श्री लालू प्रसाद यादव पर यह कानून लगना चाहिए। इसलिए हम चाहेंगे कि सरकार वहां राट्रपति शासन लागू करे और श्री लालू प्रसाद यादव को पोटा कानून के तहत गिरफ्तार करके जेल में बंद किया जाये ताकि बिहार का वातावरण दुरुस्त हो सके और बिहार में कानून का राज आ सके।

यहां पर सरकार के मंत्री बैठे हुए हैं। बिहार की घटना के बारे में आये दिन अखबारों के माध्यम से, मीडिया के माध्यम से और आपकी इजाजत से हम लोक सभा में सरकार को अवगत कराने का काम करते हैं लेकिन सरकार की तरफ से किसी तरह का कोई रिस्पांस नहीं दिया जाता। मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि यहां पर वरिठ मंत्री श्री शरद यादव जी बैठे हुए हैं, दूसरा और कोई मंत्री नहीं है, इसलिए वे सरकार की ओर से बतायें कि ये लोग बिहार के मामले में क्या करने वाले हैं या ये भी चुपचाप बिहार में वही स्थिति बनाना चाहते हैं जो बिहार में अभी बनी हुई है। वहां अराजकता की स्थिति के चलते गांव के गांव तनाव से गुजर रहे हैं। वहां कोई भी व्यवसायी अपना व्यवसाय चलाने की स्थिति में नहीं है। स्कूल कालेज बंद हो रहे हैं तथा कोई भी व्यक्ति अपने बच्चों को स्कूल भेजने की स्थिति में नहीं है। हम चाहेंगे कि आपके निर्देश पर सरकार यहां बताये कि वे बिहार के मामले में क्या करने जा रही है ? â€¦ (व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद (दरभंगा) : अध्यक्ष महोदय, हम भी बोलना चाहते हैं। जब से यह सैशन शुरू हुआ है तब से मैं आपसे कह रहा हूं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आपका नाम मैं एसोसियेट करूंगा।

...(व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : हम एसोसियेट करते हैं । मैं कहना चाहता हूं कि जब से सैशन शुरू हुआ है तब से हम कह रहे हैं कि आप बिहार पर चर्चा कराइये।

â€¦ (व्यवधान)

श्री लाल मुनी चौबे (बक्सर) : अध्यक्ष महोदय, उस हत्या में श्री लालू प्रसाद यादव का सीधा हाथ है क्योंकि श्री सत्य नारायण सिन्हा की हत्या उनके समधी के घर के दरवाजे पर खींचकर हुई है। वहां गोली चलाई गयी जिसमें श्री सत्य नारायण सिन्हा की मौत हुई। â€¦ (व्यवधान) आज पूरे बिहार में आतंक फैला हुआ है। â€¦ (व्यवधान) कल भाजपा के एक कार्यकर्ता को गोली मार दी गयी जिसके कारण पूरे बिहार में दंगे की स्थिति है। आतंकवाद का साया वहां लोगों को डराये हुए है। पटना की लाठी रैली के कारण कोई भी दुकानदार अपनी दुकान नहीं खोल सका। पटनावासी सड़कों पर नहीं आ सके । मैं श्री प्रभुनाथ सिंह जी से शतप्रतिशत सहमत हूं कि वहां राट्रपति शासन लागू किया जाये और पोटा कानून में श्री लालू प्रसाद यादव और उनके रिश्तेदारों को गिरफ्तार किया जाये नहीं तो बिहार की स्थिति भयंकर होती जायेगी। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कीर्ति आजाद जी, आप बोलिये।

...(व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : अध्यक्ष महोदय, उनकी आवाज ही इतनी तेज है कि हमारी आवाज उसमें डूब जायेगी। मैं एसोसियेट करता हूं। â€¦ (व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आज सौभाग्य से श्री रघुवंश बाबू यहां नहीं हैं नहीं तो आपकी आवाज और डूब जाती।

...(व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आज़ाद : अध्यक्ष महोदय, जब से सदन शुरू हुआ है तब से मैं कह रहा हूं कि आप बिहार पर चर्चा कराइये। वहां जिस प्रकार से लोगों के साथ अत्याचार हो रहा है, दुराचार हो रहा है, दुर्व्यवहार हो रहा है आदि बातें हमने आपके सामने रखी थीं। मैं कहना चाहता हूं कि फर्जी मुठभेड़ में वहां जिस प्रकार से लोग मारे जा रहे हैं, अब तो बात इतनी आगे बढ़ चुकी है कि हर हफ्ते या दस दिन बाद राजद सरकार के किसी न किसी मंत्री को अपना पद छोड़ना पड़ता है क्योंकि उसने या तो अपहरण किया है या बलात्कार किया है या लूट-खसोट की है। इसके साथ -साथ वहां ऐसी भी स्थिति आयी है कि जब सैनिक बैंकों से पैसा निकालकर बाहर निकलते हैं, तो उनको गोली मार दी जाती है।

वे जो दो-तीन हजार रुपये निकालते हैं, वे भी लूट लेते हैं। मुठभेड़ों में लोगों को मारा जा रहा है। लाठियां चलाते हैं, उससे मतलब नहीं है, सवाल यह है कि हम लोकतंत्र की रक्षा किस प्रकार करेंगे। सत्यनारायण सिन्हा जी ने वहां चुनाव लड़ा था, उनको मार दिया गया। किसकी जगह पर मारा गया, यह लाल मुनि चौबे जी ने आपके सामने कह दिया। वहां धारा 356 लगाने की जो बात कही गई है, मैं उससे पूरी तरह सहमत हूं। जो हत्याएं हुई हैं, उनकी सी.बी.आई. जांच करवाई जानी चाहिए कि वहां क्या हो रहा है। वहां अराजकता फैल रही है, लूट-खसोट हो रही है, बलात्कार हो रहे हैं और कांग्रेस देख रही है, समर्थन कर रही है। यानी जब यह चुप्पी साधे बैठी है तो इसका मतलब यह हुआ कि कांग्रेस लूट, बलात्कार सबका समर्थन करती है। ...(व्यवधान) कांग्रेस पार्टी का मंथन होना चाहिए। इसका मतलब है कि यह बलात्कार में सहयोगी है, लूट में सहभागी है। इनके विचार सामने आने चाहिए कि ये क्या कहना चाहते हैं। आप देखिए, इसे लेकर ये हमारे साथ यहां आकर बैठ गए क्योंकि ये अपनी पार्टी का खुद समर्थन नहीं करते, इसलिए इधर आ गए। मैं कहना चाहता हूं कि हत्यारों के ऊपर सी.बी.आई. इन्क्वारी हो। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैंने इस विाय पर चर्चा नहीं शुरू की है और न ही इस विाय पर आपका नोटिस है।

...(व्यवधान)

श्रीमती रेनु कुमारी (खगड़िया): अध्यक्ष जी, क्या उनका नोटिस था?

अध्यक्ष महोदय : मैंने उनको बिल्कुल इजाजत नहीं दी थी।

...(व्यवधान)

श्री कीर्ति झा आजाद : हम चाहते हैं कि धारा 356 लगाई जाए। इसमें कांग्रेस का नाम भी बदनाम हो रहा है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : कीर्ति आजाद जी, आप बैठिए।

श्री कीर्ति झा आजाद : उन हत्याओं, विशो कर सत्यनाराण सिन्हा जी की, के बारे में सी.बी.आई. इन्क्वारी हो। उसके ऊपर ये अपने विचार व्यक्त करें कि सरकार क्या करना चाहती है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप मंत्री जी को बोलने से नहीं रोक सकते।

श्री कीर्ती झा आजाद आप रोज देखते हैं, रोज अखबारों में आता है, इलैक्ट्रनिक मीडिया में आता है। यह कब तक चलेगा? ...(व्यवधान)

श्रीमती रेनु कुनारी : अध्यक्ष जी, मेरा नाम भी इसमें सम्मिलित कर लें, हम भी भुक्तभोगी हैं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हम आपका नाम भी इस विाय के साथ ऐसोसिएट करते हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : अध्यक्ष जी, महिला सदस्य बोलना चाहती हैं। ...(व्यवधान) यह महिला का सवाल है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : दूसरे माननीय सदस्यों के विाय भी लेने हैं।

श्री प्रभुनाथ सिंह : इनको सिर्फ एक मिनट का समय दे दीजिए।

श्री कीर्ति झा आजाद : उन्होंने विवाहित महिला का अपहरण किया। ...(व्यवधान) नेशनल काउंसिल फार वूमैन की अध्यक्षा ...(व्यवधान)

श्रीमती रेनु कुमारी : अभी बिहार के संबंध में माननीय सांसद प्रभुनाथ सिंह जी, श्री चौबे और श्री कीर्ति आजाद जी ने जो चिन्ता व्यक्त की है, मैं उस चिन्ता से अपने आपको जोड़ती हूं और आपसे आग्रह करके कहना चाहती हूं, बिहार की जो स्थिति है और भारत सरकार जो निक्रिय बनी हुई है, अगर इस तरह की स्थिति बनी रहेगी तो हमारे जैसे जनप्रतिनिधियों का जीना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए हम आपसे आग्रह करना चाहते हैं, आप न्याय की कुर्सी पर बैठे हैं, बिहार में धारा 356 लागू करके राट्रपति शासन लागू करवाएं, अपराधियों को पोटा के अंतर्गत बंद करवाएं और न्याय करें । ...(व्यवधान)

कुंवर अखिलेश सिंह : उत्तर प्रदेश की स्थिति भी खराब है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैंने उनको इजाजत नहीं दी है।

...(व्यवधान)

SHRIMATI RAJKUMARI RATNA SINGH (PRATAPGARH): I would like to bring to your notice that the Minister of Environment and Forests, Government of India, distributed a booklet...(*Interruptions*)

डा. विजय कुमार मल्होत्रा : अध्यक्ष महोदय, यह बिहार का मामला कहां है। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप इसी विाय पर बोलिए।

डा. विजय कुमार मल्होत्रा : बिहार का मामला बहुत गंभीर है। वहां आग लगी हुई है, सारा बिहार जल रहा है। जैसे अभी वर्णन किया गया, वहां हत्याएं की गई हैं। सबसे बड़ी कठिनाई, कहा गया कि धारा 356 लगाई जाए। उसका बाद में राज्य सभा और लोक सभा में रैक्टीफिकेशन होना है और कांग्रेस सरकार उनका खुल कर समर्थन करती है। पहले भी जब धारा 356 लगी थी तब कांग्रेस पार्टी ने राज्य सभा में उसे रद्द कर दिया जिससे यह कठिनाई पैदा हुई। वहां भयंकर भ्रटाचार है, हजारों लोगों को तनख्वाह नहीं दी जा रही हैं और लाठी रैली में स्टेट का पचासों करोड़ रुपया खर्च कर दिया गया। लोगों की सारी बसें ले ली गईं। लोगों को बसों में लाया गया। वहां जंगल राज कायम किया हुआ है। ऐसी हालत में कांग्रेस पार्टी सबसे ज्यादा जिम्मेदार है जो इसका समर्थन कर रही है। ...(व्यवधान) वहां इतना कुछ हो रहा है। ... (व्यवधान)

SHRI E.M. SUDARSANA NATCHIAPPAN (SIVAGANGA): They are creating all the problems. Why are they blaming the Congress? ...(*Interruptions*) Why are they mentioning all this? They are creating a law and order problem.

श्री कीर्ती झा आजाद : यह लूटमार करने वालों का समर्थन करती है। ...(व्यवधान)

संसदीय कार्यालय मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्रीमती भावनाबेन देवराजभाई चीखलीया) : माननीय श्री प्रभुनाथ जी द्वारा उठाए गए विाय से मैं गृह मत्री जी को सूचित कर दूंगी।

कुंवर अखिलेश सिंह : उत्तर प्रदेश के बारे में गृह मंत्री जी को सूचित कीजिए, उत्तर प्रदेश की स्थिति बहुत खराब है। वहां लोकतंत्र की हत्या हो रही है।...(व्यवधान)